हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 3 मई 2024

04 सेनथाम एकेडमी में तीन से पांच तक होगा द्वितीय...



07 नींद खुलते ही परमेश्वर व पंच परमेष्ठी का स्मरण...





### जंगलों का सफाया कर वनभूमि पर खेत बनाए जा रहे, साथ ही आग लगने से भी जंगल कम होते जा रहे हैं

# अनदेखी : पेड़ों की अंधाधुंध की जा रही है अवैध कटाई, कई हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण की चपेट में

पेडों की अंधाधुंध कटाई और आगजनी की घटनाओं के कारण जंगल का दायरा तेजी से सिकुड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

वनपरिक्षेत्र इछावर में इस समय जंगलों का तेजी से सफाया किया जा है। लोग हरे भरे पेड़ों को काटकर वनभूमि को खेतों में तब्दील कर रहे है । पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और आगजनी की घटनाओं के कारण जंगल का दायरा तेजी से सिकुड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर वनभूमि पर अतिक्रमण का क्षेत्रफल तेजी से बढ़ रहा है। यह सब वन अमले की नाक के नीचे हो रहा रहा है, लेकिन इसके बावजूद कोई भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है । यही कारण है कि कुछ समय पहले जहां विशालकाय पेड़ों का घना जंगल हुआ करता था , अब वहां दूर-दूर तक पठार और खेत नजर आ रहे है। पेड़- पौधों के नष्ट होने से वन्यप्राणियों के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है।

वनपरिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नादान , बालूपाट , मंडलगढ़ , इमलीपठार , अलीपुर , डूंडलाव , गादिया , मगरपाट आदि क्षेत्रों में विभाग की उदासीनता के कारण वनमाफियां और अतिक्रमणकारियों द्वारा जंगल का तेजी से सफाया किया जा रहा है । आरोपियों द्वारा हरे भरे पेड़- पौधे खासकर सागौन के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई करने में जुटे है। यह हरियाली पर दिन-रात कुल्हाड़ियां चलाकर जंगल को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। लकड़ी चोर बड़ी संख्या में दिन दहाड़े जंगल में घुसकर पेड़ों को काटते है , और फिर उनकी चरपट बनाकर मोटरसाइकिल , चार पहिया वाहन मे भरकर दूर- दराज शहरों में सप्लाई कर रहे है। वन माफिया और अतिक्रमणकारियों द्वारा रोजाना बड़ी संख्या में पेड़ काटे जाने से जंगल का क्षेत्रफल तेजी से कम हो रहा है। साथ ही वन्य प्राणियों के जीवन पर भी खतरा मंडरा रहा है। लोगों का कहना है कि कुछ समय पहले जंगल इतना घना था कि 8-10 फीट के बाद कुछ नहीं दिखता था, लेकिन अब.पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण दूर -दूर तक स्पष्ट दिखाई दे रहा है। जंगल पठार और खेत का आकार ले चुके है।



इछावर। नादान बीट के मंगलगढ़ के जंगल में वन माफियाओं ने अवैध कटाई कर जंगल को खेत में तब्दील कर दिया।

### सैकड़ों हेक्टेयर वनभूमि अतिक्रमण की चपेट में

नादान , कुतरीखाल , इमली पठार , मंडल गढ़ , सिराली , बालूपाट , अलीपुर , सनकोटा आदि गांव जंगल में ही बसे है । ऐसे में अधिकांश ग्रामीणों ने वनकर्मियों से सांठगांठ करके वनभूमि पर अवैध कब्जा कर लिया , और जंगल को नष्ट करके उक्त भूमि पर खेत बना लिए। यह सिलसिला अभी भी बदस्तूर जारी है। 4 साल पहले जिस व्यक्ति के पास 2-3 एकड़ भूमि थी , आज उसके पास करीब 15 -20 एकड़ भूमि है। जानकारी के अनुसार अतिक्रमणकारी पहले पेड़ों को काटते है फिर ठूंठों को जला देते है फिर उक्त भूमि को बखराकर खेत में तब्दील कर लेते है। सूत्रों की माने तो पिछले 15 सालों में 40 फीसदी से अधिक जंगल बर्बाद हो गया है । साथ ही वनभूमि कम हो गई है। प्रतिदिन वनक्षेत्र पर अतिक्रमण हो रहा है। लोगों का मानना है कि यदि इसी प्रकार पेड़ों की कटाई होती रही तो कुछ ही वर्षों में जंगल पूरी तरह से नष्ट हो जाएंगा।और वन्यप्राणी विलुप्ति की कगार पर पहुंच जाएंगे। इनका कहना है कि वन विभाग को अवैध कटाई और अतिक्रमण पर रोक लगाने के लिए ठोस कार्रवाई करना चाहिए।



इछावर। वन माफियाओं ने बड़ी तादाद में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर ठूंठ में तब्दील कर दिया

### जांच कराकर की जाएगी कार्रवाई

मंडलगढ़ जंगल में अतिक्रमण होने की जानकारी प्राप्त हुई है। जल्दी ही अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर नोटिस जारी किए जाएंगे साथ ही अवैध कटाई की भी जांच कराई जा रही है। इसमें जो भी दोषी पाए जाएंगे उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**नवीनत झा,** वन परिक्षेत्राधिकारी, इछावर

## खबर संक्षेप

### उज्जवल पालीवाल ने किया सीहोर को गौरवान्वित



**सीहोर।** सीहोर नगर के महेश पालीवाल के सुपुत्र उज्जवल पालवील ने भोपाल डिविजन से क्रिकेट टूर्नामेंट में बहतरीन प्रदर्शन कर इन्दौर टीम के खिलाफ सेमि फायनल में 41 रन बनाकर एवं दो विकेट लेते हुए अपनी टीम के लिये शानदार प्रदर्शन करते हुए सीहोर का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया है, इनकी इस उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं देने वालों में प्रमुख रूप से आशु पालीवाल, धर्मेन्द्र, महेश, आशीष पालीवाल यशु पालीवाल आदि शामिल हैं।

### चार मई को जिला न्यायालय में आयोजित होगा रक्तदान शिविर

**सीहोर।** मुख्य न्यायाधिपति मप्र उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, रोटरी क्लब, अधिवक्ता संघ, पैरालीगल वालेन्टियर्स, शिक्षण संस्थानों, एनजीओ आदि के समन्वय एवं सहयोग से दिनांक 4 मई को जिला न्यायालय परिसर सीहोर में रक्तदान शिविर का आयोजन प्रातः 10:30 बजे से किया जा रहा है। शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा प्रशस्ति पत्र भी प्रदाय किया जावेगा। इस प्रेस नोट के माध्यम से एमके वर्मा जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा यह आव्हान किया गया है कि उक्त रक्तदान शिविर में सभी इच्छुक व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान करें तथा अपने आस-पास इच्छुक व्यक्तियों को रक्तदान शिविर के संबंध में सूचित एवं अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने हेतु प्रेरित करें। रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन एवं अन्य जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर से सम्पर्क किया जा सकता है। शिविर से संबंधित सभी जानकारी मिलेगी।

## उपमुख्यमंत्री शुक्ल पहुंचे मां बगलामुखी के दरबार में, दर्शन कर पूजा-अर्चना की

**नलखेड़ा।** मप्र के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल बुधवार को मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। उन्होंने माता रानी के दर्शन कर विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। दर्शन पूजन बाद शुक्ल सिद्धपीठ के समीप स्थित स्वामी सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचे, उन्होंने संतश्री सांदीपेंद्र महाराज से सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



### मतदान दिवस 7 और 13 मई को अवकाश रहेगा

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा एवं मुख्य निर्वाचन पदधिकारी मप्र भोपाल, द्वारा दिये गये दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अन्तर्गत मतदान दिवस 7 मई को सीहोर जिले की सीमा में विस क्षेत्र 156-बुधनी, 158- इछावर एवं 159-सीहोर एवं 13 मई 2024 को 157-आष्टा विस सभा की सीमा में मतदान दिवस को जिले में स्थित समस्त कारोबार, व्यवसाय, ओद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति जो मतदाता के रूप में मतदान करने का हकदार है, को मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश स्वीकृत किया जावेगा। निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदधिकारी और कलेक्टर के निर्देशानुसार दैनिक मजदूर, आकस्मिक श्रमिकों को भी मतदान के दिन अवकाश और मजदूरी प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे।

## 5 हजार जननियों को प्रसूति सहायता राशि का इंतजार, जननी सुरक्षा, संबल योजना के कई महीनों से अटके पड़े हैं प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बजट के आभाव में अनेकों योजनाएं लक्ष्य से भटकने लगी हैं। प्रसूताओं से जुडी योजनाओं में हितग्राहियों के खातों में राशि नहीं पहुंच रही। व्यवस्था इस कदर बिगड़े हैं कि साल भर पुराने प्रकरण भी योजना में लंबित बने हुए हैं और जननी अस्पताल तो कभी स्वास्थ्य महकमे के चक्कर काट रही हैं।

गौरतलब है कि गर्भवती महिलाओं को अच्छा पोषण आहार और सुरक्षित प्रसव के उदेश्य से केन्द्र और राज्य सरकारें अनेकों योजनाएं संचालित कर रही हैं। जिनमें प्रसूताओं को पोषण आहार और अपनी देखभाल के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन बजट के आभाव में जननी सुरक्षा और प्रसूती सहायता योजना की राशि महिलाओं के खातों में नहीं पहुंच रही। विभागीय आंकड़ों की माने तो करीब 5 हजार से अधिक प्रकरण लंबित बने हुए हैं और प्रसूताएं परेशान हैं।

### 5 हजार प्रकरण अटके हेल्पलाइन पर 450 शिकायत

विभागीय जानकारी के अनुसार जननी सुरक्षा योजना और प्रसूती आर्थिक सहायता योजना में जिले भर में 5 हजार से अधिक प्रकरण लंबित हैं। हैरानी की बात तो यह है कि कई प्रकरणों को तो सालभर से अधिक समय बीत चुका है लेकिन इनका निराकरण नहीं हो रहा। मंडी क्षेत्र में रहने वाली काजल पति विक्रम ने बताया कि दिसंबर 2023 में जिला अस्पताल में उनको डिलीवरी हुई थी योजना में आज दिनांक तक राशि प्राप्त नहीं हुई।





### एंट्री में लापरवाही से महिलाएं परेशान

गर्भधारण से लेकर प्रसव तक अलग-अलग योजनाओं में गर्भवती महिला को करीब 16 हजार रूपए मिलते हैं लेकिन लापरवाही के कारण महिलाएं राशि से वंचित रह जाती हैं। गर्भावस्था के नौ माह के दौरान 4 से 5 जांचों की एंट्री विभाग के अनमोल पोर्टल पर करनी होती है। जांच और एंट्री की जिम्मेदारी एएनएम की होती है लेकिन कई बार पोर्टल पर एंट्री नहीं की जाती जिससे महिलाएं राशि से वंचित रह जाती हैं।

डॉ सुधीर डेहरिया, सीएमएचओ के अनुसार कुछ महीनों तक राशि भोपाल से रुक गई थी। अब महिलाओं के खातों में राशि आने लगी है कुछ प्रकरणों में आवेदक पात्र नहीं होते वह खारिज हो जाते हैं।

### सर्वाधिक मतदान कराना है, सीहोर को नम्बर वन बनाना है : कलेक्टर प्रवीण सिंह

# मतदाता समृद्ध भारत की लोकतंत्र की मजबूती के लिए परंपराओं के संवाहक, निर्भीक हो करें मतदान : राजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लोकसभा निर्वाचन-2024 के तीसरे चरण विदिशा एवं भोपाल लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में चलें बूथ की ओर अभियान प्रारंभ किया गया है। अधिक से अधिक मतदान के लिए सीहोर जिले के ग्राम बिलकिसगंज एवं कांकरखेड़ा में आयोजित मतदाता जगरूकता कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन शामिल हुए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए लोकसभा चुनाव में मतदान जरूर करने की अपील की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि सीहोर जिले में 7 एवं 13 मई को अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचकर निर्भीक होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। उन्होंने कहा कि मतदाता ही समृद्ध भारत की समृद्ध लोकतांत्रिक परम्पराओं के संवाहक हैं। मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही हमारा लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक परम्परा को अधिक से समृद्ध बनाने, संवैधानिक कर्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है। उन्होंने मतदाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपने सीहोर जिले को सर्वाधिक मतदान करा कर प्रदेश में नम्बर वन बनाने का संकल्प लिया है, इसे पूरा करने के लिए शत-प्रतिशत मतदान के लिए अपने परिजनों और पड़ोंसियों को लगातार प्रेरित करें।

राजन ने कहा है कि मतदान के दौरान मतदान केंद्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। ग्रीष्म काल को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में छाया, पानी तथा बैठने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जब भी मतदान करने जाएं तो आपने साथ पहचान का एक दस्तावेज अवश्य ले जाएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी



श्री राजन ने 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाओं तथा दिव्यांग मतदाताओं को पुष्पगुछ, साल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा युवा मतदाताओं को ईपिक कार्ड प्रदान किए। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने उपस्थित मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई।

### मतदाता पर्ची प्रत्येक मतदाता तक स्वयं पहुंचाना है: कलेक्टर

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने कहा कि शतप्रतिशत मतदान कराकर सीहोर जिले को प्रदेश में नम्बर वन बनाना है। उन्होंने बीएजी ग्रुप के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता पर्ची प्रत्येक मतदाता तकस्वयं पहुंचाना है और मतदान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को यह बताना है कि मतदान के दौरान गर्मी को लेकर परेशान न हो। प्रत्येक केन्द्र में टेंट, ठंडा पानी और बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही अधिक मतदाता संख्या वाले मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। ताकि मतदाताओं को अधिक देर तक अपनी बारी का इंतजार नहीं करना पड़े।

### मतदाता जागरूकता रैली में 100 से अधिक ट्रैक्टर और बाइक से संदेश

बिलकिसगंज में 100 से अधिक ट्रैक्टर की रैली निकाल कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। सभी ट्रैक्टर पोस्टर, बैनर के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने की अपील की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एमपी राजन सीएम राइज स्कूल से स्वयं ट्रैक्टर पर सवार होकर एक किलो मीटर तक मतदाताओं से मतदान की अपील करते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। इसी तरह ग्राम कांकर खेड़ा में आयोजित मोटर सायकल रैली को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में एसपी मंयक अवस्थी, सीईओ जिला पंचायत, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, एसडीएम तन्मय वर्मा, जमील खान, जनपद सीईओ नमिता बघेल तथा शिवानी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एमपी ऑनलाइन वाले की लापरवाही के कारण छात्र का साल हुआ बर्बाद

**सीहोर।** नगर के अम्बेडकर पार्क के पास गंज वार्ड क्रं. 11 में निवासरत धीरेन्द्र जाटव ने थाना कोतवाली में आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उसके भतीजा अनमोल पिता भूपेन्द्र जाटव जो कि आठवीं कक्षा का छात्र है, जिसकी आगमी शिक्षा के लिये परिजनों ने शास एक्सलेंस बालक उच्चतर विद्यालय में प्रवेश हेतु भोपाल नाका स्थित फोकस एमपी ऑनलाइन पर पहुंचकर पंजीयन हेतु ऑनलाइन फार्म भरवाया था, जिसकी फीस के रूप में 250 रुपए भी जमा कर दिये गये थे, कुछ दिनों बाद जब परिजन एडमिट कार्ड निकलवाने उक्त एमपी ऑनलाइन गये तो वहां के संचालक द्वारा बताया गया कि आपकी तो ऑनलाइन पेमेन्ट न होने से फार्म जमा नही हुआ है। तब परिजनों ने कहा कि हमने तो आपको भुगतान समय पर कर दिया था, तो आपने प्रवेश फार्म के साथ ऑन लाइन पेमेन्ट क्यों नही किया, जिस पर ऑन संचालक ने भड़कते हुए परिजनों से बदतमीजी, गाली गलौज करते हुए कहा कि जहाँ शिकायत करना है कर लो मेरा कोई कुछ नही बिगाड़ सकता। परिजनों का कहना है कि इस मामले में एक ऑनलाइन वाले की गलती से हमारे बच्चे का साल बर्बाद हुआ है, परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त ऑनलाइन संचालक पर कठोर कार्यवाही की जावे।

### रबी विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तारीख बढ़ाई, अब 20 मई तक की जाएगी खरीदी

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य के लिए पूर्व जारी अंतिम तिथि 7 मई से बढ़ाकर अब 20 मई निर्धारित की गई है। समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि 20 मई तक बढ़ाई जाती है। इस आशय के आदेश खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उप सचिव द्वारा जारी किये गये है। अब जिले में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन का कार्य 20 मई तक किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### शहर में आयोजित होगा लघु उद्योग भारती का उद्यमी सम्मेलन

**देवास।** लघु उद्योग भारती का अखिल भारतीय स्तर का तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारिणी की बैठक देवास में होने वाला है, जो की 5 से 7 अगस्त 2024 को होगा । जिसमे अखिल भारतीय स्तर के सभी पदाधिकारी के साथ देश प्रदेश के उद्यमी भी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य संगठन का विस्तार और नए उद्यमियों को जोड़ना का है। देवास में आयोजन की तैयारी को लेकर प्रदेश की सभी इकाइयों के पदाधिकारी की बैठक सम्पन्न हुईं। बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष समीर मूंदड़ा, प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा, प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी, प्रदेश सयुक्त महामंत्री सतीश मुकाती, प्रान्त से राजेंद्र दुबे पीथमपुर, राजेश गर्ग उज्जैन, राजेश अरोड़ा आगर, सीमा मिश्रा धामनोद, शिवनारायण शर्मा इंदौर, अतिथ अग्रवाल उज्जैन। रणवीर सिंह आंजना आगर व सभी इकाइयो के अध्यक्ष सचिव उपस्थित थे। बैठक की शुरुवात भारत माता व भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर की गई। बैठक में होने वाले आयोजन के लिए सभी ने अपने अपने सुझाव दिए। अध्यक्ष प्रतिक गुप्ता ने देवास में होने वाले इस आयोजन के लिए देवास इकाई के दायित्व पर प्रकाश डाला। साथ ही सभी ने आयोजन की व्यवस्था के लिए समितियों का गठन किया। समिति में प्रदेश की हर इकाई को जिम्मेदारी दी गई।

### बागली विधानसभा के लिए नियुक्त मतदान दलों को दिया प्रशिक्षण

# सेनथाम एकेडमी में तीन से पांच तक होगा द्वितीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण

सेनथाम एकेडमी में 3 मई को सोनकच्छ, 4 मई को देवास और 5 मई को हाटपीपल्या विधानसभा के मतदान दलों को दिया जाएगा द्वितीय प्रशिक्षण।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान को व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए मतदान दलों में नियुक्त अधिकारी, कर्मचारी को सेनथाम एकेडमी देवास में द्वितीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गुरुवार को बागली विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त मतदान दलों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे, प्रशिक्षण नोडल डॉ समीरा नईम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान दलों को मतदान की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया है। मतदान दलों को मतदान की प्रक्रिया के प्रारंभ में दिखावटी मतदान से लेकर मतदान समाप्ति तक की प्रक्रिया के अलावा मतदान सामग्री को सील करना, विभिन्न घोषणाएं जैसे मतदान के प्रारंभ की घोषणा, मतदान के समाप्ति की घोषणा के संबंध में समझाया गया। मतदान केंद्र से 100 व 200 मीटर के क्षेत्र में अनुशासन बनाये रखना आदि के संबंध में विस्तार से समझाया गया।प्रशिक्षण में ईवीएम एवं वीवीपेट का भी प्रशिक्षण दिया गया। मशीनों का हाथ से संचालन भी करवाया गया। उन्हें कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट तथा वीवीपेट मशीनों को आपस में संयोजन करने, मशीनों को प्रारंभ करने की प्रक्रिया, ईवीएम मशीन में आने वाले संभावित त्रुटियां को दूर करने तथा टेस्ट वोट के संबंध में जानकारी दी गई। वीवीपेट मशीन ले जाते और लाते समय रखी जाने वाली सावधानियों के संबंध में भी समझाइश दी गई।

प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदान दल की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसके लिए मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया से भली भांति अवगत होना आवश्यक है। मतदान के पूर्व की तैयारियों से लेकर मतदान दिवस तथा मतदान का समय समाप्त होने के पश्चात मतपत्र लेखा तैयार करनें की जानकारी तक से अवगत होना आवश्यक है। प्रशिक्षणार्थियों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दल के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, पोलिंग एजेंटों की मतदान केंद्र पर नियुक्ति, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व होने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं मॉक पोल, मतदान की पूर्व तैयारी एवं मॉक पोल, मॉक पोल का क्रम, मॉक पोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, मॉक पोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश के लिये अनुमति धारक व्यक्ति, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस-पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान के दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन, विस्थापन, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग, बुकलेट प्रपत्र, आदि की जानकारी दी गई। सेनथाम एकेडमी देवास में 03 मई को सोनकच्छ विधानसभा, 04 मई को देवास विधानसभा और 05 मई को हाटपीपल्या विधानसभा के लिए नियुक्त मतदान दलों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# व्यापारी खाद्य व अखाद्य लाइसेंस लेकर ही अपना व्यवसाय करें: आयुक्त

**बिना लाइसेंस लिए व्यवसाय करने पर होगी चालानी कार्यवाही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आयुक्त रजनीश कसेरा ने बताया कि देवास शहर मे व्यापार/व्यवसाय करने वाले व्यापारीयों व व्यवसायकों को निगम से विधिवत खाद्य, अखाद्य ट्रेड लाइसेंस लेकर ही व्यापार/व्यवसाय संचालित करें। आयुक्त ने यह भी बताया कि नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 366, 427, 256 के अंतर्गत व्यापार/व्यवसाय की अनुमति दी जाती है। आयुक्त के निर्देशन मे निगम खाद्य निरीक्षक व लायसेंस अधिकारी हरेन्द्रसिह ठाकुर ने बताया कि होटल, भोजनालय, टिफिन सेंटर, चाय एवं काफी की दुकान, मिठाई का कारखाना, सेव मिक्चर बनाए जाने का कारखाना, आइसक्रीम कुल्फी इत्यादि, मोटर द्वारा चलित प्रणाली का उपयोग करते है जैसे कि उद्योग, कारखाने, कार्यशालाओं, आटा मिलो, साइबर कैफे आदि, ड्राई क्लीन की दुकान, धोबी की दुकान, ब्यूटी पार्लर, पटाखे की दुकान, आतिशबाजी, मोमबत्ती बनाने का कारखाना, बग्गी घोड़ा गाड़ी, आरा मशीन, ऊंट या घोड़े पर सवारी कराया जाना जिसमे सभी इन व्यवसायों को टाईप ए,बी,सी कैटेगरी मे शामिल कर निगम द्वारा लाइसेंस दिये जाते है। बिना लाइसेंस किसी भी प्रकार का खाद्य व अखाद्य सामग्री का व्यवसाय नही करें। व्यवसाय करने से पूर्व निगम द्वारा विधिवत लाइसेंस लेकर ही छोटा अथवा बडा व्यवसाय एवं पक्की व कच्ची दुकान अथवा हाथ ठेलों पर व्यवसाय करने वाले व्यवसाई लाइसेंस अनिवार्य रूप से लेकर ही अपना व्यवसाय करें। आयुक्त ने कहा कि बिना लाइसेंस व्यापार व व्यवसाय करने पर निगम द्वारा चालानी कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

### पीएम श्री शाउमावि कमलापुर में हुआ निःशुल्क समर कैंप का शुभारंभ, योगा और खेल का प्रशिक्षण जारी



**चापडा।** पीएम श्री शासकीय उमावि कमलापुर में प्रभारी प्राचार्य अनंत नागर के निर्देशन में निःशुल्क समर कैंप का शुभारंभ हुआ। समर कैंप में योगा क्लास और खेल प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। योगा मास्टर ट्रेनर राकेश जाट और श्याम दरबार के द्वारा बच्चों को योग सिखाया जा रहा है। खेल प्रशिक्षण रेणु सिंह, मनोहर सिंह राजावत द्वारा दिया जा रहा है। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य और मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शिक्षक महेश चंद्र बिंजवा, कैलाश कारपेंटर, सीताराम मालवीय, दीपक वाघेला, अरविंद वैष्णव, धर्मेंद्र भगवान समस्त स्टाफ उपस्थित है।

# 11 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ हुआ शुरू





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मां चामुंडा की पावन नगरी देवास में साकेतवासी महामंडलेश्वर गरुड़ दास महाराज के शिष्य श्रीकृष्ण गोपालदास महाराज पंचमुखी धाम आगरोद, 108 दामोदरानंद महाराज, 108 मनमोहनदास भिंड, 108 भरतदास महाराज बालाजी धाम रुणिजा के सानिध्य में मालीपुरा स्थित ज्योतिबा फुले चौराहे के पास गुरुवार को 11 कुंडीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस दिव्य महायज्ञ का आयोजन 8 मई तक होगा। महायज्ञ में अन्य स्थानों से भी संत महात्मा आशीर्वाद प्रदान करने के लिए पधारे हैं। काशी के विद्वान आचार्य पंडित पुष्कर पांडे एवं सहयोगी आचार्य के द्वारा यज्ञ संपादित होगा। श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ आयोजन समिति के वासुदेव परमार ने बताया, कि यज्ञ के शुभारंभ पूर्व गुरुवार को सुबह 10 बजे से मालीपुरा स्थित गणेश मंदिर से 11 नदियों के पवित्र जल से बैंड-बाजों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंची। महायज्ञ प्रतिदिन सुबह 7 से 5 बजे तक होगा। शाम 6:30 बजे महाआरती की जाएगी। यज्ञ-हवन के पश्चात संत-महात्माओं द्वारा अल्प समय प्रवचन सत्संग होगा। 4, 5 एवं 6 मई को शाम 7:30 से 10:30 तक महू के शर्मा बंधुओं द्वारा नानीबाई मायरा की संगीतमयी प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन समिति के वासुदेव परमार, राहुल हारोडे सहित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने धर्मप्रेमियों से इस सात दिवसीय महायज्ञ में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया गया है। यह जानकारी आयोजन समिति के राहुल हरोड़े ने दी।

### कलेक्टर ने खातेगांव विधानसभा क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण कराने जोनल मजिस्ट्रेट किए नियुक्त

**देवास।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत जिले में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र विदिशा के लिए खातेगांव विधानसभा क्षेत्र में मतदान 07 मई को होगा। मतदान कार्य शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने खातेगांव विधानसभा में सेक्टर को मिलाकर बनाये गये जोन के लिए अनुविभागीय अधिकारी टोंकखुर्द कन्हैयालाल तिलवारी, तहसीलदार सोनकच्छ मनीष जैन, तहसीलदार हाटपीपल्या संगीता गोलिया, नायब तहसीलदार ग्रामीण देवास रवि शर्मा, नायब तहसीलदार टप्पा भौंरासा लखनलाल सोनानिया तथा नायब तहसीलदार बागली नीरज प्रजापति जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्ति किया है। नियुक्त जोनल मजिस्ट्रेट क्षेत्र के नियुक्त सेक्टर अधिकारी से समन्वय स्थापित कर मतदान केन्द्रों तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे।

# विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर कामगारों को किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार के एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास मधुसूदन मिश्र के मार्गदर्शन एवं अभिलाषा एन. मवार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 मई के उपलक्ष में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन निर्माणाधीन इप्का लेबोरेटरीज कंपनी औद्योगिक क्षेत्र देवास में आयोजित किया गया। शिविर में निर्माण स्थल के श्रमिकों को संबोधित करते हुए रॉबिन दयाल जिला विधिक सहायता अधिकारी देवास द्वारा नालसा की असंगठित क्षेत्र के श्रमिको को विधिक सेवा योजना 2015, निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना, श्रम कानूनों, श्रमिकों के अधिकार, बाल श्रम निषेध, महिला एवं पुरुष को समान कार्य समान वेतन, मप्र अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, हेल्पलाइन नं. 15100 के बारे मे जानकारी देकर जागरूक किया।शिविर को संबोधित करते हुए श्रम निरीक्षक देवास शैलेन्द्र जारवान द्वारा श्रमिकों के हित हेतु लाभकारी जानकारी प्रदान की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी रॉबिन दयाल, कंपनी के एजीएम रीजनल डीकुनहा, प्रोजेक्ट मैनेजर राजू जोशी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण ए.आर. अंसारी उपस्थित रहे।

# युवक ने घर में फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




गुरुवार को अज्ञात कारणों के चलते युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । फांसी लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा जहां उसका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले को लेकर पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार शाबाज पिता शफी मेव उम्र 18 वर्ष निवासी अन्नपूर्णा नगर इटावा ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के पिता शफी ने बताया कि वह हम्माली का कार्य करते हैं। उसकी पत्नी और बहू बच्चों के साथ सोमवार को निमाड़ क्षेत्र के गोगांव व बलखड़ शादी समारोह में गए थे। घर पर शाबाज और उसका बड़ा भाई भय्यू थे। वह दोनों मजदूरी का कार्य करते हैं। उन्हें बुधवार रात को सूचना मिली कि उसके छोटे लडक़े ने फांसी लगा ली है। गुरुवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले को लेकर सिविल लाईन थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है।

### जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत किया गया नवाचार

# मतदान का प्रतिशत बढ़ाने निकाली साइकिल और स्केटिंग रैली






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/चापड़ा

लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत स्वीप गतिविधियों के तहत जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में नवाचार करते हुए जिले में साइकिल और स्केटिंग रैली का आयोजन किया गया। रैली जिलेभर में भ्रमण करते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश दे रही है। नगरीय स्वीप प्रभारी स्मिता रावल ने बताया कि रैली नगर परिषद हाटपीपल्या, बागली, कांटाफोड़ सहित अन्य नगरीय निकायों में मतदाता जागरूकता का संदेश देकर मतदाताओं से लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने का आग्रह कर रही है। उल्लेखनीय है कि जिलेभर में भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए साइकिल और स्केटिंग रैली को सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति ने गत दिवस कलेक्टर कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यह दल राजोदा, बरोठा, नेवरी, हाटपीपल्या, बागली, काटाफोड़ कन्नौद, खातेगांव, सोनकच्छ, भंवरासा होते हुए देवास लौटेगा। मार्ग में आने वाले गांवों में यह दल लोकतंत्र को मजबूत करने प्रेरित करेगा। दल में देवास जिला साइकिल एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, उपाध्यक्ष अभिषेक लाठी, सचिव पवन यादव, कोषाध्यक्ष संदीप जाधव, सहसचिव पावन पाटिल, सदस्य शैलेन्द्र चंद्रवंशी, राजवीर ठाकुर, स्केटिंग के ध्रुव चौहान, हरिप्रिया यादव, अक्षत राठौर, कुमकुम सोलंकी और काजल कुमावत शामिल है।

### रैली निकाल चापड़ा में किया जागरूक

**चापड़ा।** गुरुवार के दिन राष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने जागरूक किया। साइकिल एसोसिएशन देवास अध्यक्ष आशीष गुप्ता, सचिव पवन यादव, रोलर स्केटिंग सचिव संदीप जाधव के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत चापड़ा में साइकिल एवं रोलर स्केटिंग राष्ट्रीय खलाड़ियों द्वारा रैली निकालकर मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान आशीष गुप्ता ने बताया कि मतदान का प्रतिशत बढ़े और शत प्रतिशत मतदान हो, उसी उद्देश्य को लेकर पूरे क्षेत्र में वोट यात्रा निकाली जा रही है। इसी अंतर्गत रैलिया निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय खिलाड़ी सम्मिलित है। चापडा चौराहे पर सभी खिलाड़ियों ने आम जनता से अपील की अधिक से अधिक मतदान केंद्र पर पहुंचे, अपने मत का उपयोग कर मतदान अवश्य करें। इस दौरान शैलेंद्र चंद्रवंशी, राष्ट्रीय खिलाड़ी हरिप्रिया यादव, ध्रुव चौहान, अक्षत राठौर, कुमकुम सोलंकी, काजल कुमावत ,घनश्याम पटेल सम्मिलित हुए। साथ ही पंचायत सचिव नारायणसिंह सेंधव,सहायक सचिव नागेंद्र सिसोदिया, सेक्टर अधिकारी अनीता गवली, बीएलओ राधेश्याम कारपेंटर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संगीता सोनगरा, लाड कुंवर राठौड़, निर्मला जोश, सावित्री बाई राजपूत आदि उपस्थित रही।

# एक्ट इव फाउंडेशन ने सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए भेंट किए पंखे



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर की सामाजिक संस्था एक्ट इव फाउंडेशन ने अपने सामाजिक सरोकारों के तहत चलाए जा रहे प्रकल्पों में समाजसेवियों की सहायता से दो सरकारी स्कूलों के बच्चों को गर्मी से राहत के लिए पंखे भेंट किए।

संस्था अध्यक्ष मोहन वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा सतत किए जा रहे सामाजिक कामों की कड़ी में गुरुवार को दुर्गानगर तथा मुढ़का के सरकारी स्कूलों में समाजसेवियों की मदद से पंखे भेंट किए गए जिससे बच्चों को भीषण गर्मी में राहत मिल सके।ये पंखे संस्था के सहयोगी उमाकांत गुप्ता तथा प्रवीण शर्मा के सौजन्य से दिए गए। जिसके लिए दुर्गानगर स्कूल प्राचार्य सुनीता तिवारी, मूढ़का स्कूल प्राचार्या कोमल मालवीय ने दानदाताओं और संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर किशोर असनानी और योगेंद्रसिंह चावड़ा भी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## कांप्लेक्स के अभाव में होती है परेशानी

**आष्टा।** नगर के कन्नौद रोड स्थित कॉलोनी चौराहे पर नगर पालिका द्वारा कांप्लेक्स बनाया गया था। उसे कन्नौद रोड फोरलेन निर्माण के कारण तोड़ दिया गया था। इसके बाद यहां पर दूसरा कांप्लेक्स नहीं बनाया गया है। इससे दुकानदारों, यात्रियों को दिक्कत हो रही है। कॉलोनी चौराहे पर कुछ वर्ष पहले नगर पालिका ने यात्रियों व दुकानदारों की समस्या को देखते हुए सर्वसुविधा युक्त सुलभ कांप्लेक्स का निर्माण किया था। उसे आष्टा-कन्नौद रोड पर फोरलेन निर्माण के दायरे में आने से तोड़ दिया गया था। इस कारण अब परेशानी यह आ रही है कि नए बस स्टैंड से लेकर अदालत तक एक भी सुलभ कांप्लेक्स नहीं है। यह दूरी करीब दो किमी है। कॉलोनी चौराहे पर बसों का स्टाप होने के कारण यहां पर यात्रियों का जमावड़ा बना रहता है।

## 10 वर्ष पुराने आधार कार्ड को अपडेट कराना जरूरी

**आष्टा।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की अधिसूचना अनुसार सर्वसाधारण को व्यतक्तिगत नवीनतम विवरण से आधार डाटा को अपडेटेड रखना है। जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस ने गत दिवस बताया कि ऐसे व्यक्ति जिन्होंने 10 वर्ष या इसके पूर्व आधार बनवाया था एवं परिवर्तित पते अथवा अन्य जानकारी में अपडेट नहीं किया हो, ऐसे सभी आधार धारकों को व्यक्तिगत नवीनतम विवरण को आधार डेटा में अपडेट कराने का आग्रह है। इस संबंध में आधार धारकों को सुविधा प्रदान करने के लिए, यूआईडीएआई ने अपडेट डॉक्यूमेंट की एक नई सुविधा विकसित की है।इस सुविधा को माय आधार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन एक्सेस किया जा सकता है।

### नेमिनाथ जैन मंदिर में आचार्य उदार सागर महाराज ने दिए आशीष वचन

# नींद खुलते ही परमेश्वर व पंच परमेष्ठी का स्मरण आराधना नित्य करें: उदार सागर

जैन धर्म में साधु-संतों के द्वारा अपने हाथों से कैशलोच करना साधु के 28 मूलगुणों में एक गुण है। श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नेमि नगर साईं कॉलोनी में विराजित आचार्य अभिनंदन सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पाप किए तो पाप कर्म उदय में आते हैं। पुण्य किया है तो पुण्य कर्म ही उदय में आएगा। हम सभी पुण्य के फल चाहते हैं, लेकिन पुण्य नहीं करते है। पुण्य के कार्य कौन से हैं,निंद खुलते ही परमेश्वर व पंच परमेष्ठी का स्मरण -आराधना करना चाहिए। जिनेंद्र भगवान के दर्शन, अभिषेक,अष्ट द्रव्यों से पूजा अर्चना करना चाहिए। आहार दान करें, शास्त्रों का अध्ययन करें।हमारे आचार्यो ने हजारों साल पहले लोगों की तासीर देखकर मंत्र व स्तोत्र लिख दिए, जिनका अनुशरण कर व्यक्ति आत्मा का कल्याण करें ।हर व्यक्ति सुख, समृद्धि, खुशहाली चाहता है। पुण्य का फल चाहते हैं।

अच्छे-अच्छे फल चाहते हैं। ऐसा कोई भी प्राणी नहीं है, जो पुण्य का फल नहीं चाहता हो। पुण्य के फल पुण्योदय पर ही मिलेंगे। उक्त बातें नगर के श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नेमि नगर साईं कॉलोनी में विराजित आचार्य अभिनंदन सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य आचार्य भगवंत उदार सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आचार्य उदार सागर महाराज के प्रवचन की जानकारी देते हुए समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि आपने कहा पुण्य कर्मों का उदय पहले पुण्य करने पर उदय में आता है, तभी फल देगा। बाजार जातें हैं तो जेब में पैसा रखते हैं, तभी खरीदी कर सकते हैं। हमारे पास जो होगा, वहीं मिलेगा।जिस पेड़ की जड़ खत्म हो गई ,वह फल तो दूर पत्ते भी नहीं देगा। पुण्य का फल चाहते हैं पुण्य का आचरण नहीं करते हैं, तो पुण्य फल की अपेक्षा करना बैकार है। आचार्य उदार सागर महाराज ने कहा अच्छा शुभ कर्मों के आचरण करें।भूखा, निर्धन, बिना मकान, आभूषण विहीन भी नहीं चाहतें।यह सभी स्थिति पापों के कारण बनती है।पाप का फल कोई नहीं चाहता है, लेकिन पाप कर्म करते हैं। पापों का फल भोगना पड़ता है।दुःख, परेशानी,संकट किस कारण मिले हैं,पाप कर्मो के आचरण से ही दुःख, परेशानी व संकट आते हैं।किसकी वजह से हमें सब कुछ मिल रहा है,उस पर ध्यान देवें। यदि पाप के फल नहीं चाहते हैं तो पाप के आचरण क्यों करते हैं।पाप के फल भोगने से कितने ही भागों,फल भोगना पड़ता है। विदेश चले जाओगे तो वहां भी पापों का फल भोगना पड़ता है। स्थान बदलने से कुछ नहीं होगा,फल भोगना ही नहीं।पाप के आचरण से दूर रहें।पापाचरण से डरें, उससे दूर हो। तभी परेशानियां,संकट, दुख दूर होंगे। हमने ही कर्मों की जंजीरें बांधी है,फल भोगना पड़ेगा। आचार्य उदार सागर महाराज ने कहा अच्छा फल चाहते हैं तो अच्छा आचरण करें। धर्माचरण से ही संसार व मोक्ष का सुख प्राप्त होगा।

धर्म के मार्ग पर नहीं चले तो मनुष्य त्रियंच के समान है। आज स्थिति यह है कि मनुष्य होकर भी पशुओं का आचरण करते हैं। पाप का आचरण छोड़े। जीवन मंगलमय बनाना है तो धर्म के मार्ग पर चलें।आप सभी को अपने पुण्योदय से देव, शास्त्र, गुरु का सानिध्य मिल रहा है,धर्म का आचरण करें।इस भव सहित परभव में भी सुखी रहोंगे। भगवान की कृपा चाहते हैं, पाप के आचरण छोड़े।

### मुनि उपशांत सागर ने कैशलोच किए



जैन धर्म में साधु-संतों के द्वारा अपने हाथों से कैशलोच करना साधु के 28 मूलगुणों में एक गुण है। जिस दिन साधु - संत कैशलोच करते हैं, उस दिन उपवास अर्थात निर आहार रहते हैं। उक्त बातें नगर के श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नेमि नगर साईं कॉलोनी में विराजित आचार्य भगवंत उदार सागर महाराज ने अपने शिष्य मुनि उपशांत सागर महाराज के कैशलोच करते समय कहीं। मुनिश्री के कैशलोच के दौरान काफी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

# पुलिस ने सड़क पर रखा सामान हटाया, दी चेतावनी

### 18 वाहनों पर की चालानी कार्रवाई



**आष्टा।** एसडीओपी ने पुलिस बल के साथ की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर के कन्नौद रोड पर एसडीओपी आकाश अमलकर ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर दुकानों और बैंकों के सामने खड़े वाहनों को चालानी कार्रवाई कर हटाया।

भोपाल नाका से मंडी गेट तक कन्नौद रोड़ के दोनों साइड एचडीएफसी बैंक सहित अन्य बैंकों, दुकानों के सामने खड़े वाहन, ठेला गाड़ी और दुकानदारों के बाहर रखे सामान को रोड से अंदर करवाने की मुहिम चलाई गई। नगर के प्रत्येक मार्गों पर दुकानों और बैंकों के सामने वाहनों का काफिला लगा रहता है। साथ ही दुकानदारों का सामान सड़क पर रखा रहता है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है।

एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन और निर्देश पर ललित गुप्ता उपनिरीक्षक यातायात प्रभारी, चंदरसिंह ठाकुर, कमलेश राय प्रधान आरक्षक ने 18 चालान बनाकर 9 हजार जुर्माना शुल्क वसूला। वहीं चेतावनी दी गई कि अब सड़क पर सामान रखकर मार्ग बाधित किया गया तो सामान जब्त किया जाएगा।

## प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में समझाया




**आष्टा।** प्लास्टिक मुक्त शहर के लिए नगर पालिका अमला भरपूर प्रयास कर रही है । स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना द्वारा व सहयोगी संस्था एवीएस कंसलटेंसी एंड सर्विसेस की टीम के द्वारा मीट मार्केट में विक्रेता को सिंगल यूज प्लास्टिकप्रतिबंध के बारे समझाया। कहा कि ग्राहक को देते समय पन्नी प्लास्टिक का उपयोग ना करें पन्नी प्लास्टिक की जगह पर कागज तथा कपड़े से बने झोले का उपयोग करें। सभी विक्रताओ को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए समझाया किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में समझाया। सिंगल यूज प्लास्टिक की वजह से हमारे शहर की नालिया जाम हो जाती है जिससे कि गंदा पानी रोड के ऊपर बहने लगता है इससे हमारे शहर में गंदगी दिखाई देती है हमें अपने शहर को पॉलीथिन मुक्त शहर बनाना है। संस्था एवीएस कंसलटेंसी से इंचार्ज ज्ञान सिंह बामनिया, उत्तम सोलंकी, जावेद तालिब, नासिर राजा, पप्पू, जगदीश सद्दाम, गौरव जकारिया, गौरव खत्री, दीपचंद, असलम, सौरभ, शब्बीर भाई आदि उपस्थित थे।

## कुंडिया नाथु की बेटी स्नेहा ठाकुर ने 8वीं कक्षा में 90 प्रतिशत अंक हासिल किए



**जावर।** गांव कुण्डिया नाथु की बेटी स्नेहा ठाकुर ने 8वीं कक्षा में 90 प्रतिशत अंक हासिल किए अपने माता-पिता और गांव एवं स्कूल का नाम रोशन किया स्नेहा सरस्वती शिशु मंदिर जावर में पड़ने वाली छात्रा है। ग्राम पंचायत कुण्डिया नाथु सरपंच राजा ठाकुर की बेटी है। मध्यप्रदेश बोर्ड की परीक्षा कक्षा आठवीं में 90 प्रतिशत अंक हासिल किए। स्नेहा ठाकुर को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सरस्वती शिशु मंदिर जावर के शिक्षक एवं स्कूल परिवार ने शुभकामनाएं दी। वहीं स्नेहा के पिता राजा ठाकुर सरपंच कुण्डिया नाथु ने बताया कि जिस तरह मेरी बेटी ने मेहनत करते हुए मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा आठवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी तरह मेहनत करते हुए स्नेहा ने हमारे परिवार एवं पुरे गांव का नाम रोशन किया इश्वर से में प्रार्थना करता हूं कि मेरी बेटी आगे भी इसी तरह मेहनत करे और आगे बढ़े।

**एसएसटी चेक पोस्ट का किया निरीक्षण: सीहोर।** लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने विदिशा संसदीय क्षेत्र के तहत बुदनी स्थित एसएसटी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया तथा एसएसटी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने निगरानी दल को निर्देश दिए कि बार्डर पर आने जाने वाले वाहनों की निगरानी एवं जांच की जाए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सख्त कार्यवाही की जाये। साथ ही उन्होंने किसी भी प्रकार का अवैध मादक द्रव्यों, सोना, चांदी, शराब व अन्य नशीली पदार्थ का परिवहन नहीं होने दें तथा निगरानी रखने जाने के लिए प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# सीएम राइज स्कूल में समर कैंप शुरू




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

स्थानीय सीएम राइज स्कूल में 10 दिवसीय समर कैंप शुरू हुआ। शिविर शुरू करने से पूर्व प्राचार्य नितिन कुमार कौशल, उप प्राचार्य अजय कुमार मिश्रा व अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का विधिवत प्रारंभ किया। प्राचार्य और उपस्थित अतिथियों द्वारा विद्यार्थी जीवन में समर कैंप की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। समर कैंप नोडल शिक्षक पवन राठौर ने बताया कि शिविर ड्राइंग और पेंटिंग तथा डिजिटल अवेयरनेस की थीम पर आधारित रहेगा। जिसके अंतर्गत पंजीकृत विद्यार्थियों में रचनात्मकता और उनके कौशल का विकास किया जाएगा। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी मुनेंद्र सिंह तोमर, अकबर सिद्दीकी, गजेंद्र विश्वकर्मा, अनिल शर्मा, लोकेंद्र सिंह ठाकुर, कमलेश खत्री, रोहित मालवीय, हर्षवर्धन नामदेव, धर्मेंद्र खत्री सहित पालकगण, विद्यार्थी उपस्थित थे।

# युवा वर्ग की राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व भूमिका: आशुतोष महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर




दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम शाखा श्यामपुर द्वारा श्री नवदुर्गा पर्व व श्रीहनुमान प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में ग्राम छतरी स्थित श्रीखेड़ापति हनुमान मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय श्रीहरिकथा व भजन संकीर्तन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुदेव आशुतोष महाराज के कृपापात्र शिष्य स्वामी महादेवानन्द ने बताया कि श्रीहनुमान जी महावीर हैं, सेवा में विनम्रता है। ज्ञान बल विवेक की राशि हैं। उनके पास दिशा थी प्रभुश्रीराम की अर्थात लक्ष्यभेदी गुरू वचनों की। और दशा थी रामकाज हेतु सधी हुई अभूतपूर्व गतिशीलता की। दूसरी पूजनीय आराध्य देवी दुर्गा है। जो नारी रूप है , वह जगतजननी है। प्रेम करूणा वात्सल्य की मूर्ति है वह। एक ओर वह महागौरी है, तो दूसरी ओर महिषासुर मर्दिनी सा रौद्र रूप भी धारण करती है।

इन दिव्य मूल्यों से आज के दौर के युवा पुरुष वर्ग एवं युवा नारी वर्ग को शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये। प्रवचन विचारों का विस्तार करते हुए स्वामी जी ने समझाया कि पवनपुत्र का अर्थ वायु से सम्बंधित है। और वायु को उल्टा लिखने से बनता है युवा। युवा वह नहीं जिसकी उम्र 20 वर्ष है। महर्षि अरविंद ने कहा है कि मैंने 20 वर्ष के बुजुर्ग व 75 साल के युवाओं को देखा है। यदि आपके अंदर कुछ करने का जज्बा है जुनून है उमंग है उत्साह है, तो आप फिर बुजुर्ग नहीं आप युवा हो। यदि आप 18 साल के युवा हैं लेकिन निराश हैं हताश हैं तो फिर आप युवा नहीं हो, वृद्ध हैं आप। युवा वह नहीं जो स्वार्थ व समय की हवा के साथ बह जाए। युवा तो वह है जो विपरीत परिस्थितियों में भी आँधियों का तूफानों का रूख मोड़ दे, रुख बदल दे। परमार्थ के लिए राष्ट्र निर्माण के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने का जज्बा रखे। परम पूज्य गुरुदेव सर्वश्री आशुतोष महाराज जी का कथन है कि युवा तो नदी की लहर के मानिंद है, यदि वह आध्यात्मिक ज्ञान रूपी दो किनारो के मध्य में अनुशासित रहते हैं, तो देश का समाज का कल्याण सम्भव है। स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को आत्मसात करना है।

आशुतोष महाराज भी अपने प्रवचनों में नौजवानों को समझाते हुए सदैव कहा करते हैं कि युवा शक्ति ही वह अवस्था है, वह शक्ति है जिसने हर युग में नवीन क्षितिज के निर्माण का कार्य किया है। चाहे प्रभुश्री राम के साथ लक्ष्मण जी सहित नल-नील अंगद हनुमान जी युक्त वानर सेना हो अथवा योगेश्वर श्रीकृष्ण की पांडव सेना हो। या फिर गुरुगोविंद सिंह महाराज द्वारा स्थापित खालसा पंथ की सेना हो। देश को आजादी दिलाने वाले शहीद भगत सिंह, करतार सिंह सराभा, चंद्रशेखर आजाद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, उधम सिंह, रानी लक्ष्मीबाई हों। सबने आताताियों का पुरजोर प्रतिकार एवं विध्वंस किया है। कार्यक्रम में संगीत कलाकार बंधुओं द्वारा माँ भगवती, प्रभुश्रीराम, एवं पवनसुत श्रीहनुमान जी की महिमा एवं सनातन संस्कृति पर सुंदर भजन प्रस्तुत किये गए। भजनों की स्वर लहरियों से प्राँगण भक्तिमय होकर झंकृत हो उठा। कार्यक्रम के अंत में सबने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर महाआरती में भाग लिया। उक्त तीन दिवसीय श्रीहरिकथा आयोजन की श्रंखला के अंतर्गत सहयोगी बंधुओं में कालूराम मेवाड़ा पूर्व सरपंच, ज्ञान सिंह किलोदिया, राकेश शर्मा, कृपाल सिंह मेवाड़ा, बाला प्रसाद कुशवाह, हरिसिंह कुशवाह, कृपाल सिंह कुशवाह, भगवान सिंह मेवाड़ा, कैलाश सिंह, रघुनाथ सिंह मेवाड़ा, अरविंद माहेश्वरी , हरि सिंह साहू, प्यारे लाल, शिवनारायण ओमबाबू मीना, सुरेंद्र सिंह, मोर सिंह , हनुमत सिंह मेवाड़ा, नीतेश मेवाड़ा एवं मंदिर व्यवस्थापक सहित इत्यादि समस्त बंधुओं ने कार्यक्रम संयोजन में सहयोग किया।

### सीएम राइज स्कूल में 12 मई तक समर कैम्प का होगा आयोजन

# पहले दिन 100 से अधिक विद्यार्थियों ने कैंप में की सहभागिता





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सी.एम. राइज शासकीय उत्कृष्ट उमावि में 12 मई 2024 तक समर कैम्प का आयोजन प्रतिदिन प्रातः 07 बजे से 09 बजे के मध्य किया जायेगा। शासन निर्देशानुसार सी.एम. राइज़ विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश का सद्उपयोग के उद्देष्य से समर कैम्प आयोजित किए जा रहे है। जिसमें आज प्रथम दिवस 100 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा समर केम्प में सहभागिता की गई। इस अवसर पर प्राचार्य मो. सितवत खान द्वारा बताया गया कि शासन द्वारा सी.एम. राइज़ विद्यालयों में समर केम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थियों ने ग्रीष्म अवकाश का सदुपयोग करते हुए अपनी रूचि अनुसार प्रवीणता प्राप्त करने के प्रयास किए जायेंगे।

वर्तमान में विद्यार्थियों का अधिकांश समय मोबाइल या कम्प्यूटर पर बीतता है। जिसके कारण वो खेलकूद एवं अन्य साहित्यक व सांस्कृतिक गतिविधियों में ठीक से सहभागिता नही कर पाते है। समर कैंप में खेलकूद, ललित कला एवं संगीत की कक्षाओं का आयोजन किया जायेगा। और विद्यार्थियों को इसका व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जायेगा। खेलकूद के प्रभारी शिक्षक सुनंदा वर्मा और सतीष पुष्पद है। जिनके द्वारा खेलकूद की बारीकियां विद्यार्थियों को बताई जायेंगी और विद्यार्थी कबड्डी, खो-खो, सॉफ्टबाल, फुटबाल, क्रिकेट व योग आदि सीखेंगे। ललित कला के प्रभारी शिक्षक श्रीराम श्रीवादी द्वारा विद्यार्थियों को चित्रकला सिखाई जा रही है। इसी प्रकार संगीत की प्रभारी शिक्षक स्वाति राठौर द्वारा विद्यार्थियों को संगीत की जानकारी दी जा रही है और उनकों देष भक्ति गीत एवं प्रार्थनाएं सिखाई जा रही है। आज दिनांक 01 मई 2024 को विद्यालय में समर कैंप का शुभारंभ किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्राचार्य सितवत खान एवं समर कैंप के नोडल षिक्षक सतीष वर्मा ने विद्यार्थियों से कहा है, कि वो ग्रीष्म अवकाश का सदुपयोग करते हुए अधिक से अधिक संख्या में समर कैंप में सहभागिता करें एवं अपनी रूचि एवं क्षमता के अनुसार कौशल का विकास करें।

# रामस्वरूप बने मालवीय समाज के जिला अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

अखिल भारतीय बलाई महासभा की मध्य प्रदेश अध्यक्ष माया मालवी द्वारा धर्मराज प्रधान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व गोपाल इंजीनियर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की अनुशंसा पर ग्राम श्यामपुर के रामस्वरूप मालवीय को बलाई समाज सीहोर जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समाज जनों ने जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। बधाई देने वालों में राहुल मालवीय, कमल सिंह मालवीय, विष्णु प्रसाद मालवीय, हरि नारायण मालवीय, मुकेश मालवीय, सतीश मालवीय, मोतीलाल मालवीय, शेरुमालवीय, जगदीश मालवीय, प्रेम नारायण, शिक्षक बसंत कुमार, छगनलाल, अमर सिंह, राकेश, राधेश्याम, महेश कुमार, प्रदीप, बाबूलाल, शिवनारायण, अशोक कुमार, आत्माराम, चंद्रसिंह मालवीय आदि ने बधाई दी।

### पूर्व में कर चुके हैं लिखित शिकायत, लेकिन नहीं हुई कोई कार्रवाई

# आए दिन विवादों में आरएमओ की कार्यशैली ! जूनियर से लेकर सीनियर डॉक्टर्स तक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

तात्कालीन सिविल सर्जन डॉ राजेन्द्र कटारिया ने प्रशासकीय कार्यव्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से आरएमओ की कमान डॉ यशपाल रिठौरिया को सौंपी थी लेकिन उन्हें यह आशा नहीं थी की आने वाले दिनों में यह चार्ज जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों के बीच विवाद का विषय बनेगा। अक्टूबर 2022 को आरएमओ के चार्ज के बाद से ही डॉ यशपाल का विवादों से नाता रहा है। कई डॉक्टर इनकी शिकायत कर चुके हैं परंतु वर्तमान सिविल सर्जन भी अभी कोई कार्रवाई के मूड में नजर नहीं आ रहे हैं। यहां तक की कई सीनियर चिकित्सकों ने इनको हटाते के लिए मांग पत्र भी सौंप चुके हैं।

## सिविल सर्जन बोले आरएमओ हटाने में और ज्यादा परेशानी




### सिविल सर्जन ने आरटीआई में दी जानकारी में भी सीनियर का नहीं दिया हवाला

आनंद द्वारा लगाई गई आरटीआई में सिविल सर्जन राजगढ़ डॉ नितिन पटेल ने जानकारी देते हुए बताया है कि द्वितीय श्रेणी के नियमित चिकित्सा अधिकारियों को प्रशासकीय पदों के प्रभार में प्राथमिकता देने का प्रावधान है इसलिए डॉ यशपाल वहां हैं। स्वयं सिविल सर्जन ने भी अपने द्वारा जारी किए गए आरटीआई के उत्तर में सीनियर डॉक्टर को आरएमओ मे प्राथमिकता देने का उल्लेख तक नहीं किया। बल्कि उन्होंने बताया कि यदि इन्हें अभी हटाते हैं तो कई रूटिन काम प्रभावित हो जाएंगे, क्योंकि एक लम्बा प्रोसीजर होता है इस पूरे जार्च को देने का।

### यूएसजी का प्रशिक्षण लेकर भी मरीजों का नहीं कर रहे उपचार

एक दर्जन से अधिक डॉक्टर द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि डॉ यशपाल ने जब यूएसजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रखा है तो मरीजों को लाभ क्यों नही पहुंचाया जा रहा, उल्टा उन्हें आरएमओ का चार्ज प्रशिक्षण का कोई लाभ नजर नहीं आ रहा। इस संबंध में जब डॉ यशपाल रिठौरिया से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

### यह रही डॉक्टरों को शिकायतें

- शासन के जारी निर्देश के अनुसार संस्था में पदस्थ वरिष्ठतम चिकित्सक को आरएमओ का प्रभार संभालने हेतु निर्देश दिये गये हैं। वर्तमान आरएमओ संस्था में पदस्थ समस्त नियमित चिकित्सकों में कनिष्ठतम हैं।
- . डॉ. यशपाल सिंह अस्पताल के सबसे जूनियर आरएमओ हैं इनका अभी प्रोबेशन भी कम्पलीट नहीं हुआ है।
- इनका व्यवहार अन्य चिकित्सकों के प्रति अच्छा नहीं रहा है सीनियर चिकित्सक के साथ अभद्र व्यवहार करते रहते हैं। जूनियर चिकित्सक के प्रति भी अच्छा व्यवहार नहीं रखते है।
- प्रशासकीय कार्यक्षमता की कमी चिकित्सक सही समझाइश एवं सामन्जस्य से कार्य नहीं करते हैं। चिकित्सक की ड्यूटी सोच-समझकर नही लगाते इनकी वजह से शासकीय कार्यक्रमों का पता ही नहीं चल पाता।
- ओपीडी समय में प्रशिक्षण रख लेते हैं जिसके कारण अस्पताल प्रशासन की ज्यादातर समय गलत छवि मरीजों के सामने जाती है।
- डॉ यशपाल के आरएमओ पद पर रहने के कारण ड्यूटी चिकित्सक कम हो रहे हैं। एक जूनियर चिकित्सक को आरएमओ का पद देना बांकी सीनियर चिकित्सकों का अपमान है।
- इनके द्वारा यूएसजी का प्रशिक्षण प्राप्त किया जा चुका है पर मरीजों को यूएसजी की सुविधा प्राप्त नहीं हो पा रही है।

#### दो कभी तीन दिन छोड़कर 20 मिनट आते हैं नल

## पानी के नाम पर लाखों खर्च फिर भी समय पर नहीं मिल रहा पीने का पानी




हरिभूमि न्यूज ▶▶तलेन

नगर परिषद तलेन में पानी के नाम पर लाखों रुपए निकल रहे हैं। उसके बाद भी नगर में दो दिन कभी तीन दिन छोड़कर नल आ रहे हैं। नल आने का कोई समय नहीं है। वार्ड क्रमांक 2 में नल आने का समय ही बदल दिया। जबकि वार्ड क्रमांक 2 में आने वाली नल लाइन को प्रातः जल्दी देते थे।

जिसका समय अंतिम में कर दिया कभी टंकी नहीं भराई कभी मोटर खराब हो गई। यही बहाना बनाकर नगर वासियों को पानी पिलाने मे जवाबदार असमर्थ दिखते हैं। नगर परिषद सीएमओ साहब का नगर पर कोई ध्यान नहीं है। नगर के पचोर-शुजालपुर रोड पर लगी हुई स्टेट लाइट हमेशा बंद पड़ी रहती है। स्टेट लाइट की गारंटी समय समाप्त होने का है। पर प्रशासन का जवाबदार कोई भी उसको स्थाई चालू नहीं करा पाया शांति समिति की बैठक में भी स्टेट लाइट का मुद्दा उठा परंतु औपचारिकता बनकर रह गया। उल्लेखनीय है कि नगर में करीब 8 दिन से पानी अच्छा आने लगा है। उसके पहले खारा पानी नल में आता था। जिसको पीने की इच्छा नहीं होती थी। उसके बाद भी खारा पानी पीने को मजबूर थे नगर वासी।

**सुधार करेंगे**

नल की मोटर जलने की वजह से थोड़ी अव्यवस्था हो गई थी। नल का जो टाइम में परिवर्तन हुआ है, उसमें सुधार करवाता हूं। नल में जो भी समस्या आ रही है। उसको जल्दी सुधार किया जाएगा।

**अशोक सिंह ठाकुर, नगर परिषद सीएमओ, तलेन**

#### श्रमिकों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था उद्देश्य

## राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य, जांच व उपचार परीक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा




मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश के पालन में तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष राजीव कर्महे के मार्गदर्शन में मंगलवार एक मई को जिला न्यायालय परिसर, राजगढ़ में निर्माणाधीन नवीन भवन में कार्यरत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उददेश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य, जांच व उपचार परीक्षण जिला न्यायाधीश योगीराज पाण्डेय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य आतिथ्य तथा मुख्य चिकित्सा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी सिमोन सुलिया, स्वास्थ्य अधिकारी किरण बाडिवा, सिविल सर्जन नितिन पटेल व अन्य चिकित्सक आरएस परिहार की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण के लिए शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही श्रमिकों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में बताया गया।

## पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा समस्त तैयारी पूरी कर ली गई है, ताकि चुनाव मतदान शांतिपूर्वक हो सके और शत प्रतिशत मतदान हो निर्भीक होकर मतदाता मतदान करने पहुंचे इसके लिए लगातार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी बड़े शहरों में पुलिस द्वारा प्लेग मार्च निकाला जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक राजगढ़ आदित्य मिश्रा के निर्देशानुसार एसडीओपी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में सारंगपुर में फ्लैग मार्च निकाला इस दौरान थाना प्रभारी संतोष बाघेल सहित पुलिस जवान मौजूद रहे।

#### सीएमओ और स्टाफ भी बाइक रैली में रहे मौजूद

## सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार नगर खुजनेर में सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किये जिसमें नगर में बाईक रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया साथ ही मतदान केन्द्र क्र. 208 में महिलाओं और नागरिकों को मतदान की शपथ दिलाई गई। बाईक रैली नगर परिषद कार्यालय से नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मतदाता जागरूकता गीत के साथ निकाली गई मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा रैली का संचालन करतें हुए नागरिकों को मतदान करने के लिये जागरूक किया मतदान केन्द्र क्र. 208 में बीएलओं आंगनबाडी कार्यकर्ताएं उपस्थित रही।

नागरिकों को मतदान की शपथ दिलातें हुए सभी को मतदान कराने की भी अपील की इसी तारतम्य में मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा नगर में मतदाता पर्चियों के वितरण की जानकारी ली गई तथा मौके पर जाकर सत्यापन किया गया शर्मा द्वारा चिडलावनिया रोड, देवमहाराज स्थान वार्ड 2 एवं 3 में जाकर मतदाता पर्चियों के वितरण का सत्यापन किया गया तथा बताया गया कि मई से मतदान तक प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों द्वारा शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा तथा शतप्रतिशत मतदान कराया जाएगा।



## कलेक्टर के निर्देश पर मतदाता जागरूकता का किया जा रहा कार्यक्रम



**सुठालिया।** आगामी 7 मई को लोकसभा के लिए मतदान होना है इसको लेकर जिला कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद ने अधिक संख्या में मतदाता अपने मत का उपयोग करें, इसको लेकर नगर में नए-नए कार्यक्रम करवाये जा रहे है। हाल ही में उनके द्वारा नगर के शासकीय स्कूलों में रंगोली, मेहंदी मीडिया प्रशासन के बीच क्रिकेट मैच करवाया उनका अगला प्रयास नगर में घर घर जाकर पीले चावल बाटकर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास करेंगे, नगर में सत प्रतिशत मतदाता अपने मत का उपयोग करें, इसके लिए वह भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण मतदाता तुम्हें बुलाने को 7 मई को तुम भूल न जाना वोट डालने आने को नगर में स्वयं कर्मचारियों के साथ गली गली वार्डो में जाकर रैली निकालेंगे।

## लोधा लववंशी समाज समिति का 37वां सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶लखनवास

बगवाज तहसील सुठालिया में 28 जोडे परिणय सूत्र में बधे। सभी 28 कन्याओं को समिति की ओर से 21 बर्तन, पलंग, बिस्तर तकिया कूलर, कपडे माता जी बिछुड़ी एवं चांदी के मंगल सूत्र उपहार दिया गया। लडके को घड़ी, कपड़े ,नरियल दिए गये सभी वधू को 3000 रुपए नगदी दिए एवं दहेज में पलंग, पिलाई रजाई गद्दा तकिया समिति की ओर से दिया गया।



### खेल वृत्ति के आवेदन 31 मई तक आमंत्रित

**विदिशा।** मप्र शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के द्वारा 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया जा रहे हैं। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को रुपए 10 हजार, रजत पदक पर 8 हजार एवं कांस्य पदक पर रुपए 6 हजार खेलवृत्ती राशि प्रदान करने का प्रावधान है। वर्ष 2024 की खेलवृत्ति हेतु आवेदन 31 मई तक जिला कार्यालय में जमा किए जाएंगे।

### रैलियों व सभाओं की अनुमति के लिए ऑनलाइन किए जा सकेंगे आवेदन

**सागर।** लोकसभा चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों को सभा के लिये मैदान की अनुमति लेने, रैली निकालने, लाउडस्पीकर, वाहन एवं हेलीपैड के लिये अनुमति लेने निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पडेगी। वे इन अनुमतियों के लिये सुविधा एप पर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने पारदर्शिता के मद्देनजर किसी भी कार्य की अनुमति लेने के लिये राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को पहले आओ पहले पाओ की सुविधा दी है।

## फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने घोषित किया इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने लटेरी थाने में दर्ज एक मामले में फरार आरोपियों पर इनाम घोषित किया है। आरोपियों पर कई गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज है। आरोपी रामवरन गुर्जर उम्र 24 साल, लक्ष्मी गुर्जर उम्र 30 साल, विनोद गुर्जर उम्र 25 साल, अमान सिंह गुर्जर उम्र 40 साल, राकेश गुर्जर उम्र 22 साल एवं बृजेश गुर्जर उम्र 20 साल निवासी ग्राम महावन थाना लटेरी घटना वाले दिन से फरार हैं। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल पा रहा। कोई भी व्यक्ति उक्त फरार आरोपियों को बंदी बनाएगा या बंदी बनाने में मदद करेगा अथवा ऐसी सूचना देगा जिससे आरोपी की गिफ्तारी संभव हो सके, आरोपियों की पतारसी के संबंध में एसपी दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा प्रत्येक आरोपी पर 1000-1000 रुपए नगद राशि से पुरस्कृत करने की घोषणा की है। सूचना देने वाला व्यक्ति चाहेगा तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### जाट समाज ने किया गौरा जाट का सम्मान



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** विदिशा की जाट समाज ने 29 अप्रैल को ढोलखेड़ी चौराहे पर राणा मैरिज गार्डन में लक्ष्मीनारायण गोरा का स्वागत किया। लक्ष्मीनारायण गौरा वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड मध्यप्रदेश शासन के अध्यक्ष हैं। इस मौके पर हरनारायण जाट माली, जगदीश विंदा, सुनील चौपड़ा मौजूद रहे। राणा पैलेस विदिशा में पधारे जाट समाज के व्ही.एस.चौहान, जसवंत सिंह सिरोही, लक्ष्मणसिंह जाट, विदेश जाट, शैलेंद्र सिंह राणा एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

### 10 को भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकलेगी

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** ब्राह्मण समाज के सदस्य और पदाधिकारी ने कलेक्टोरेट पहुंचकर वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को आगामी 10 में को भगवान परशुराम की जयंती के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र दिया। समिति के सदस्यों ने बताया कि अक्षय तृतीया 10 मई को भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाएगी। जिसमें किलेअंदर परशुराम चौक से शोभायात्रा का आयोजन होगा। जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए सावरकर बाल विहार पहुंचेगी। जहां एक धर्म सभा का आयोजन होगा।

### पंजवानी बने युवा सिंधु सभा के अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** भारतीय सिंधु सभा मध्यप्रदेश की भोपाल में हुई प्रांतीय बैठक में भारतीय सिंधु सभा की युवा शाखा के लिए विदिशा के मनोज पंजवानी को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। यह मनोनयन भगवानदास सबनानी, राजेश वाधवानी, गुलाब ठाकुर, महेश ठावरानी की सहमति से हुई है।

## मेडिकल कॉलेज में पर्चा बनवाने से पहले मोबाइल पर डाउनलोड करना होगा एप

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल कॉलेज में नए नियमों की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल मेडिकल कॉलेज में इलाज करने के लिए मरीजों को एक एप मोबाइल पर इंस्टॉल करने को कहा गया है। आभा एप इंस्टॉल करने के बाद उसमें तमाम जानकारियां दी जा रही है। पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगे लोग इस एप को डाउनलोड कर रहे हैं। कई ऐसे लोग हैं जिनके पास कीपैड मोबाइल है और वह एप डाउनलोड नहीं कर सकते। इस स्थिति की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग जहां अपनी बीमारी का इलाज करने पहुंचते हैं तो पहले उन्हे कई घंटे तक इस नई प्रक्रिया के चलते इलाज नहीं मिल पा रहा।



**विदिशा।** मेडिकल कॉलेज में पहुंचने वाले मरीजों से एप डाउनलोड कराया जा रहा।

कई ऐसे लोग भी सामने आए जिन्होंने एप डाउनलोड कर लिया, लेकिन सर्वर डाउन होने की वजह से वह आगे काम नहीं कर रहा। इस पूरे मामले को लेकर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर मनीष निगम ने बताया कि इस समस्या के लिए चार अलग से काउंटर बनाए गए हैं। जिनके पास मोबाइल नहीं है या कीपैड मोबाइल है उन्हें स्टाफ अपने मोबाइल के जरिए एप डाउनलोड कर मदद कर रहा है।

### टपरे में लगी आगः घर गृहस्थी के समान के साथ कागजात जलकर राख, बड़ा हादसा टला



**विदिशा।** खाईखेड़ा में एक घर में आग लग गई। जिससे घर में रखा गृहस्थी का सामान सहित बाइक भी जल गई। खाईखेड़ा गांव में रहने वाले राजेंद्र राजपूत के घर में आगजनी से घर का सामान, दस्तावेज, 5 हजार रुपए नकद के साथ घर के बाहर खड़ी बाइक में भी आग लग गई। राजेंद्र सिंह अकेला रहता है। वह मेहनत मजदूरी करता है। घर में आग लगने पर राजेंद्र ने भागकर अपनी जान बचाई और ग्रामीण को बुलाया। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग को बुझाने का प्रयास किया। जब तक आग बुझाई गई तब तक सारा सामान जल चुका था।

### एक किलो 240 ग्राम गांजा रखने वाले आरोपी को एक साल की सजा

**विदिशा।** गांजा बेचने वाले एक आरोपी को विशेष न्यायाधीश ने 1 साल की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक ने बताया कि गंजबासौदा पुलिस को सूचना मिली थी की पूर्वी रेलवे कॉलोनी में शराब दुकान के पास एक व्यक्ति गांजा बेच रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी भागने लगा। घेराबंदी कर पुलिस ने उसे दबोच लिया। आरोपी सरजू प्रसाद शर्मा पिता द्वारका प्रसाद शर्मा निवासी सुभाष निकेतन वाली गली बासौदा की तलाशी लेने पर 1240 ग्राम गांजा मिला।

### मप्र सब जूनियर स्टेट रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**विदिशा।** स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल और बालाजी ग्रुप द्वारा मप्र सब जूनियर स्टेट रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में पूरे मप्र से 500 प्रतियोगी भाग ले रहे हैं। मंगलवार को सिंगल्स में 102 मैच हुए और डबल्स में 22 मैच हुए। प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 12:30 बजे तक एवं शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक मैच खेले जाएंगे। फायनल मुकाबले 3 मई को होंगे, मप्र बैडमिंटन एसोसिएशन इसी दिन मप्र बैडमिंटन टीम का चयन भी करेगी।



### ब्राउन शुगर रखने वाले आरोपी को 2 साल की कैद

**विदिशा।** विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार राठी ने ब्राउन शुगर रखने वाले एक आरोपी को दो साल की सजा सुनाई है। अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि 10 अप्रैल 2021 को गंजबासौदा देहात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ईदगाह के पास जुल्फकार अली उर्फ रमजान पिता पीर खान 46 वर्ष निवासी ग्राम खूसौर थाना नटेरन को गिरफ्तार किया था।